**6.** **स्पष्टीकरण -:**

(1) पात्रता परीक्षा में अर्हकारी अंक प्राप्त करने मात्र से नियुक्ति हेतु कोई दावा नहीं किया जा सकेगा।

(2) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य् पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी जो मध्यप्रदेश के मूल निवासी हों केवल उन्हें न्यूनतम 50 प्रतिशत अर्हकारी अंक का लाभ प्राप्त होगा। अन्य राज्य के आवेदकों के लिये न्यूनतम अर्हकारी अंक 60 प्रतिशत होगें।

(3) दिव्यांगजन आवेदकों के लिये न्यूनतम अर्हकारी अंक 50 प्रतिशत होगें।

(4) पात्रता परीक्षा में न्यूनतम अर्ह अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को पात्रता पत्रक दिया जाएगा जिसमें पात्रता परीक्षा के प्राप्तांकों का दशमलव के दो अंकों तक उल्लेख किया जाएगा। प्राप्तांको को राउण्डऑफ नहीं किया जायेगा।

(5) इस पात्रता परीक्षा मे अर्हता प्राप्त आवेदको मे से अशासकीय विद्यालयो के लिए भी नियुक्त किये जाने वाले शिक्षको की नियुक्ति की जा सकेगी |

(6) यह स्पष्ट किया जाता हैं कि प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा मे अर्हकारी अंक प्राप्त करने मात्र से किसी पद विशेष पर भर्ती का दावा नहीं किया जा सकेगा, क्योकि प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु कई पात्रता की शर्तो मे से यह एक शर्त की पूर्ति करेगा |

(7) आवेदक को भाषा 1 एवं भाषा 2 के विकल्प मे अलग-अलग विषय चयनित करना होगा |

(8) प्रश्न पत्र मे पैड़ागाँजी,भाषा-1, भाषा-2, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन के पृथक-पृथक 30-30 प्रश्न होंगे |

(9) प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा मे भाग लेने वाले आवेदक जो निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्जित करने की परीक्षा के अंतिम वर्ष मे प्रवेशरत हैं, भी पात्रता परीक्षा मे बैठने हेतु मान्य होंगे | ऐसे आवेदको को उस तिथि की अंकसूची / उपाधि धारित किया जाना अनिवार्य होगा जिस तिथि को उनके परीक्षण हेतु शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र मांगे जाएंगे |

(10) आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु दिनांक 01 जनवरी, 2020 को 21 वर्ष होनी चाहिए |

(11) शिक्षक पात्रता परीक्षा का नाम मध्य प्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा होगा | इसकी वैधता अवधि परीक्षा परिणाम जारी होने के दिनांक से 2 वर्ष तक रहेगी |

7. परीक्षा की योजना एवं पाठयक्रम पृथक से संलग्न किये गये हैं |

8. म.प्र.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रं. एफ 1-179/2018/20-1 भोपाल दिनांक 03.01.2020 अनुसार विभाग द्वारा प्रशासकीय अनुमोदन से यह निर्णय लिया गया हैं कि प्राथमिक शाला शिक्षक पात्रता परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों से विभाग स्तर पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति के लिये अनारक्षित अभ्यर्थियों से रुपये 100/- एवं आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों से रुपये 50/- पी.ई.बी. द्वारा प्राप्त किये जाये एवं इस राशि को विभाग को स्थानान्तरित किया जावेगा |

अवर सचिव
म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग

